## अभ्यास

# नए प्रश्न नए विचार

## अध्याय - 6



www.evidyarthi.in

**प्रश्न 1. बुद्ध ने लोगों तक अपने विचारों का प्रसार करने के लिए किन-किन बातों पर जोर दिया?**

**उत्तर : निम्नलिखित बातों पर जोर दिया**

1.यह जीवन कष्टों और दु:खों से भरा हुआ है और कष्टों का कारण हमारी इच्छा व लालसा है।

www.evidyarthi.in

2. आत्म संयम अपनाकर हम अपनी इच्छा व लालसा से मुक्ति पा सकते हैं।

3. लोगों को दयालु होने के साथ-साथ जानवरों के जीवन का भी आदर करने की शिक्षा दी।

4. हमारे अच्छे कर्मों का परिणाम वर्तमान जीवन के साथ-साथ बाद के जीवन को भी प्रभावित करता है।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 2. 'सही' व 'गलत' वाक्य बताओ।**

**(क)** बुद्ध ने पशुबलि को बढ़ावा दिया।

**(ख)** बुद्ध द्वारा प्रथम उपदेश सारनाथ में देने के कारण इस जगह का बहुत महत्त्व है।

**(ग)** बुद्ध ने शिक्षा दी कि कर्म का हमारे जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

www.evidyarthi.in

**(घ)** बुद्ध ने बोध गया में ज्ञान प्राप्त किया।

**(ङ)** उपनिषदों के विचारकों का मानना था कि आत्मा और ब्रह्म वास्तव में एक ही हैं।

www.evidyarthi.in

**उत्तर :**

**(क) गलत,**
**(ख)** सही,
**(ग)** गलत,
**(घ)** सही,
**(ङ)** सही।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 3. उपनिषदों के विचारक किन प्रश्नों का उत्तर देना चाहते थे?**

**उत्तर :** उपनिषदों के विचारक मुख्यत: कुछ कठिन प्रश्नों का उत्तर ढूंढने का प्रयास कर रहे थे; जैसे|

1.कुछ विचारक मृत्यु के बाद के जीवन के बारे में जानना चाहते थे।

www.evidyarthi.in

1.कुछ विचारक यज्ञों की उपयोगिता के बारे में जानना चाहते थे।

2.कुछ विचारक आत्मा के विषय में जानने चाहते थे।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 4. महावीर की प्रमुख शिक्षाएँ क्या थीं?**

**उत्तर : महावीर की प्रमुख शिक्षाएँ**

1.सत्य जानने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक स्त्री-पुरुष को अपना घर छोड़ देना चाहिए।

www.evidyarthi.in

2. अहिंसा के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

3. ऊँच-नीच, जातिपाँति का भेदभाव नहीं करना चाहिए। आओ चर्चा करें।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 5. अनघा की माँ क्यों चाहती थी कि उनकी बेटी बुद्ध की कहानी से परिचित हो? तुम्हारा इसके बारे में क्या कहना है?**

**उत्तर :** अनघा की माँ चाहती थी कि उसकी बेटी बुद्ध के जीवन और उनकी शिक्षाओं से भलीभाँति परिचित हो। इसलिए वह अपनी बेटी को बुद्ध की कहानी से परिचित कराना चाहती थी।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 6. क्या तुम सोचते हो कि दासों के लिए संघ में प्रवेश करना आसान रहा होगा, तर्क सहित उत्तर दो।**

**उत्तर :** महावीर व बुद्ध के संघ में दासों का प्रवेश करना सरल नहीं रहा होगा, क्योंकि बुद्ध ने संघ में रहने के लिए जो नियम बनाए थे उनके अनुसार दासों को संघ में प्रवेश से पहले अपने स्वामी से अनुमति लेना आवश्यक था।